\Govt. College Kullu (H.P.)
College Activity
महाविद्यालय की गतिविधि

Sr. No.	Particular	Remarks
1	Date / दिनांक	22 February 2023
2	Name of Activity गतिविधि का नाम	Thinking Day
3	Name of Unit/Agency/Department Organizing the Activity गतिविधि आयोजित करने वाली इकाई / संस्था / विभाग का नाम	
4	Name of Collaborating Agency (If Any) सहयोगी संस्था का नाम	
5	No. of Student Participants भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या	6
6	No. of Teacher Participants भाग लेने वाले प्राध्यापकों की संख्या	Prof. Jyoti Charan
7	Brief Report संक्षिप्त प्रतिवेदन 22 फरवरी को सम्पूर्ण विश्व में स्काउटस विश्व चिंतन दिवस के तौर पर मनाते है यह दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इसी दिन स्काउट्स के जन्मदाता बेडेन पॉवेल का जन्मदिन भी होता है।राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर रेन्जर इकाई द्वारा विश्व चिंतन दिवस के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू में रक्तदान किया गया। जिसमें कुल्लू कॉलेज के रोवर स्काउट ,रेंजर स्काउट में जागृति पराशर, वीनस,पूजा ठाकुर, नरेंद्र एवम रोवर लीडर प्रोफेसर ज्योति चरन आदि ने रक्तदान करके लार्ड बेडेन पॉवेल को याद किया। चिकित्सा अधिकारियों ने सभी को रक्तदान की महत्ता से अवगत कराया व इस क्षेत्र में सभी को अपनी भागीदारी के लिए प्रेरित किया।	

Organizer
आयोजक : R.R UNIT , G C Kullu

Principal
Govt. College Kullu (H.P)

Principal
Govt. College
Kullu (H.P.)

पंजाब केसरी
THU,23 FEBRUARY 2023
EDITION: KULLU KESARI, PAGE NO. 2

रोवर्स एंड रेंजर्स ने रक्तदान कर मनाया विश्व चिंतन दिवस

कुल्लू : रक्तदान करने के बाद रोवर एंड रेंजर सामूहिक चित्र में। (दिलीप)

कुल्लू, 22 फरवरी (दिलीप): संपूर्ण विश्व में 22 फरवरी को स्काऊट्स विश्व चिंतन दिवस के तौर पर मनाते हैं। यह दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इसी दिन स्काऊट्स के जन्मदाता बेडेन पॉवेल का जन्मदिन भी होता है।

राजकीय महाविद्यालय कुल्लू की रोवर एंड रेंजर इकाई द्वारा विश्व चिंतन दिवस के उपलक्ष्य पर क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में रक्तदान किया गया, जिसमें कुल्लू कालेज के रोवर स्काऊट, रेंजर स्काऊट में जागृति पराशर, वीनस, पूजा ठाकुर, नरेंद्र एवं रोवर लीडर प्रोफैसर ज्योति चरन आदि ने रक्तदान कर लॉर्ड बेडेन पॉवेल को याद किया।

चिकित्सा अधिकारियों ने सभी को रक्तदान की महत्ता से अवगत करवाया और इस क्षेत्र में सभी को अपनी भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

संस्थापक दिवस के अवसर पर डी.सी. से मिला स्काऊटिंग दल

कुल्लू, 22 फरवरी (दिलीप): भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स जिला कुल्लू के आधिकारिक सदस्यों ने स्काऊटिंग संस्थापक व चिंतन दिवस के उपलक्ष्य पर डी.सी. आशुतोष गर्ग से शिष्टचार भेंट की।

उपनिदेशक उच्च शिक्षा शांति लाल शर्मा ने आशुतोष गर्ग को स्काऊटिंग स्कार्फ पहनाकर उनका सम्मान किया। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं दं । उन्होंने विश्व स्तरीय जंबूरी के लिए कुल्लू से जा रही रेंजर अंकिता को हरसंभव आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी स्काऊटिंग सदस्यों को दिया।

वहीं स्काऊटिंग के जिला अधिकारियों ने शांति लाल शर्मा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक भी की, जिसमें उन्होंने आने वाले वर्ष के लिए गतिविधियों का प्रस्ताव रखा और गत वर्ष भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स जिला कुल्लू द्वारा आयोजित की गई गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर ग्रुप लीडर पुष्पा ठाकुर, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काऊट) मनोहर लाल ठाकुर, जिला संगठन आयुक्त (स्काऊट) नारायण शर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काऊट) देव चंद, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) रीना परमार, ए.डी.ओ.सी. (स्काऊट) हरि चंद, वरिष्ठ स्काऊट मास्टर रूम सिंह, हिमदल रोवर लीडर बीजू, रोवर भूपेंद्र व रेंजर अंकिता ठाकुर मौजूद रहे।